C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 90 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 16 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## हरिद्वार से लौटते परिवार पर मौत का साया

# सड़क हादसे में सात की मौत के बाद अंत्येष्टि से लौटे छह युवक खारी नदी में डूबे, तीन की मौत

### फूलियाकला गांव में सात दिन में चार पीढ़ियां खत्म, गांव में मातम से छाया सन्नाटा



भीलवाड़ा : खारी नदी पर नाराज़ ग्रामीणों द्वारा जाम करने की सुचना पर पहुंचे जिला कलेक्टर जसमीत संधू, एसपी धर्मेंद्र यादव और विधायक लालाराम बैरवा



भीलवाड़ा : डूबने से बचाए गए युवको की कुशलक्षेम लेने अस्पताल पहुँचे सांसद अग्रवाल



भीलवाड़ा : खारी नदी में फंसे युवक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचंद पेसवानी।** जिले के फूलियाकला गांव पर मानो मौत ने डेरा डाल लिया है। पिछले सात दिनों में इस गांव ने दो ऐसी दर्दनाक त्रासदियां देखीं, जिन्होंने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। हरिद्वार से अस्थि विसर्जन कर लौटते समय हुए सड़क हादसे में सात परिजनों को खोने वाले इस गांव को सोमवार को अंतिम संस्कार के तुरंत बाद एक और हादसे ने झकझोर दिया। खारी नदी में स्नान के दौरान छह युवक डूब गए, जिनमें तीन की मौत हो गई और तीन की हालत गंभीर है।जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है । भीलवाड़ के सांसद दामोदर अग्रवाल, शाहपुरा विधायक डॉ.लालाराम बैरवा व जिला कलेक्टर संधु ने शाहपुरा चिकित्सालय पहुंच कर तीनों घायलों को तथा इसी समय अन्य हादसे में घायल मुकेश गोस्वामी का उपचार करने के निर्देश दिये। सांसद व विधायक ने कहा कि संवेदनशील सरकार सभी को सहायता देगी। मुख्यमंत्री को अवगत करा दिया है। कल के हादसे में मृतकों को भी सहायता दिलायी जायेगी।



महेश शर्मा



महेंद्र माली



बरदी चंद माली

### जयपुर में सड़क हादसे में सात की मौत

जानकारी के अनुसार, 14 सितंबर की सुबह जयपुर के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में हरिद्वार से अस्थि विसर्जन कर लौट रहे फुलियाकला गांव के दो परिवारों की कार रिंग रोड पर डिवाइडर से टकराकर 16 फीट नीचे अंडरपास में भरे पानी में गिर गई। हादसे में कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों में अशोक वैष्णव उर्फ कालूराम (47), पत्नी सीमा (45), बेटा रोहित (23) और पोता गजराज (6), वहीं वाटिका सांगानेर निवासी रामराज वैष्णव (38), उनकी पत्नी मधु (36) और 14 माह का बेटा रुद्र शामिल थे। ये सभी हाल ही में दिवंगत गोपाल वैष्णव की अस्थियां विसर्जित कर लौट रहे थे।

### श्मशान घाट से नदी तक पहुंची त्रासदी

सोमवार को चार शव गांव पहुंचे तो शोक की लहर दौड़ गई। धानेश्वर रोड स्थित श्मशान घाट पर सामूहिक अंतिम संस्कार के बाद परिजन और ग्रामीण परंपरा के तहत खारी नदी के एनिकट पर स्नान के लिए पहुंचे। इसी दौरान विजय प्रताप सिंह (30), महेंद्र माली (25), बरदी चंद माली (34), महेश शर्मा (35), राकेश माली (28) और जीवनराज माली (30) नदी में उतर गए। अचानक गहरे पानी में फंसने से युवक डूबने लगे। ग्रामीणों ने चार को बाहर निकाला, लेकिन महेंद्र, बरदी चंद और महेश की जान नहीं बच सकी।

### रेस्क्यू में देरी से भड़के ग्रामीण

हादसे के करीब तीन घंटे बाद भी रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंची। नाराज ग्रामीणों ने शाहपुरा-जयपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एसपी धर्मेंद्र सिंह और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### सात दिन में चार पीढ़ियां समाप्त

यह हादसा गांव के लिए किसी दुस्वप्न से कम नहीं। सात दिन के भीतर गोपाल वैष्णव, उनका बेटा अशोक, पोता रोहित और पड़पोता गजराज हादसे का शिकार हो गए। फिर नदी में तीन युवकों की मौत ने पूरे गांव को शोक और दहशत में डाल दिया।

### गांव में पसरा मातम

गांव के हर घर में मातम का माहौल है। रोहित का बड़ा भाई पंकज वैष्णव अब पूरे परिवार का सहारा रह गया है। गांव के बुजुर्ग कहते हैं कि उन्होंने कभी इतनी दर्दनाक घटनाएं एक साथ नहीं देखीं। ÷पहले अस्थियां विसर्जित कर लौटे तो हादसा हुआ, फिर अंतिम संस्कार करने गए तो नदी ने लील लिया ।

# आयकर रिटर्न फाइल करने वालों के लिए आज का एक दिन और, पोर्टल रात में रहेगा बंद

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने करदाताओं को राहत देते हुए एसेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा एक दिन और बढ़ा दी है। अब रिटर्न 16 सितंबर की आधी रात तक जमा किए जा सकेंगे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड सीबीडीटी ने सोमवार रात इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी।

सीबीडीटी के अनुसार, मंगलवार को रात 12 बजे से सुबह 2ः30 बजे तक ई-फाइलिंग पोर्टल में तकनीकी उन्नयन का काम होगा। इस दौरान करदाता पोर्टल का उपयोग नहीं कर पाएंगे। विभाग ने सलाह दी है कि टैक्सपेयर्स सुबह जल्दी या कम ट्रैफिक के समय रिटर्न फाइल करें, ताकि धीमी गति या लॉगिन समस्या से बचा जा सके।




सोमवार को भारी ट्रैफिक के कारण पोर्टल पर लॉगिन, वार्षिक सूचना विवरण डाउनलोड और कर भुगतान जैसी प्रक्रियाओं में दिक्कतें सामने आईं। कई उपयोगकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर शिकायतें भी दर्ज कराईं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई करदाता 16 सितंबर तक रिटर्न दाखिल नहीं करता, तो उसे एक हजार से पांच हजार रुपये तक का विलंब शुल्क देना होगा और बकाया कर पर एक प्रतिशत मासिक ब्याज भी चुकाना पड़ेगा।

# शंभूगढ़ में महिला से दुष्कर्म, ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पेड़ से बंधा

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक महिला से दुष्कर्म की घटना सामने आई। पीड़िता की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने उसे पेड़ से बांधकर पुलिस को सूचना दी। शंभूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुबह करीब चार बजे उसका पति मवेशियों का दूध निकालने गया था, जबकि वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान जगदीश पुत्र माधु जाट जबरन घर में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और आरोपी को पकड़ लिया।



पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी पिछले कुछ समय से उसे परेशान कर रहा था। वह मोबाइल पर बात करने का दबाव डालता था और मना करने पर धमकियां देता था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर जगदीश के खिलाफ दुष्कर्म और छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला का चिकित्सकीय परीक्षण करवाया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 222 आरएएस अधिकारियों के तबादले

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

प्रदेश सरकार ने एक बार फिर व्यापक प्रशासनिक बदलाव करते हुए 222 आरएएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है, जबकि 11 अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्मिक विभाग ने सोमवार को इसके आदेश जारी किए। इससे पहले 19 जुलाई को आरएएस और आईपीएस स्तर पर तबादले हुए थे।

जारी सूची के अनुसार दिनेश कुमार जांगिड़ को संयुक्त शासन सचिव, पशुपालन विभाग जयपुर, असलम शेर खान को संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक मामलात, नरेन्द्र कुमार बंसल को अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम जयपुर ग्रेटर तथा आनन्दी लाल वैष्णव को गृह (पुलिस) विभाग में संयुक्त शासन सचिव नियुक्त किया गया है। अशोक कुमार-II को रजिस्ट्रार, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर बनाया गया। इसके अलावा सुरेश कुमार नवल को सचिव, भरतपुर विकास प्राधिकरण, अनुराग भार्गव को अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट झालावाड़, अरविन्द सारस्वत को संयुक्त शासन सचिव, खान विभाग, जय सिंह को कार्यकारी निदेशक, राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम और पंकज कुमार ओझा को निदेशक, गौ-पालन विभाग का दायित्व सौंपा गया सरकार ने 11 आरएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी दिए हैं, जिनमें डॉ. सुनीता पंकज, अशोक कुमार असीजा, देवेन्द्र सिंह परमार, गौरव कुमार, राजीव शर्मा, रणजीत कुमार, प्रमोद कुमार, अनुराग हरित, डॉ. गरिमा शर्मा, रत्न कौर और पंकज कुमार शामिल हैं।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार है। पुलिस ने बताया की आरोपी राजु जाट, पिता बरदी चंद जाट, उम्र 35 वर्ष, निवासी रघुनाथपुरा , गंगापुर पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था । जाट के विरुद्ध 169 किलो अवैध गांजा जब्त करने का प्रकरण दर्ज था।



जानकारी के अनुसार, 11 जून 2023 को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि लोकेश जाट, संजय जाट, निर्मल आचार्य, राजेन्द्र चौधरी और शिवलाल अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गतिविधियों में संलिप्त हैं। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तारी करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया। इसके बाद राजु जाट फरार हो गया। पुलिस ने मुखबिर की मदद लेकर आरोपी की लोकेशन का पता लगाया और राजु को शनि महाराज मंदिर क्षेत्र चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार किया।

# हनीट्रैप केस में पकड़े गए दो आरोपी कोर्ट में पेश, जेल भेजने से पहले कराई पैदल परेड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग को हनीट्रैप कर ठगे गए पैसों से खरीदी गई कार, दो बाइक और नकदी बरामद करने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी शेर माली व कैलाश जाट को सोमवार को अदालत में पेश किया। रिमांड खत्म होने पर कोर्ट ने दोनों को जेल



भेजने का आदेश दिया। आदेश के बाद पुलिस ने आरोपियों को अदालत से जेल तक पैदल परेड कराते हुए पहुंचाया। घटना में दो युवतियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। जांच में सामने आया कि महिला ने पंचायत कार्य के बहाने बुजुर्ग को सुनसान स्थान पर बुलाकर चार युवकों से पिटवाया और आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बनाकर दस लाख रुपये की मांग की। बुजुर्ग ने डर के कारण करीब पांच लाख रुपये आरोपियों को दे दिए। पुलिस ने शेर माली, कैलाश जाट, पीयूष, निर्मला उर्फ निधि, नीतू और कैलाश सिंह दरोगा को गिरफ्तार कर कार, दो बाइक और 50 हजार रुपये बरामद किए। शेर माली के खिलाफ हत्या और अवैध हथियार रखने सहित छह आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

# भाजपा की मांडलगढ़ व महुआ मंडल की कार्यशाला संपन्न, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ**

भारतीय जनता पार्टी के महुआ एवं मांडलगढ़ मंडलों की संयुक्त कार्यशाला सोमवार को त्रिवेणी जाट समाज की धर्मशाला में आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट और जिला उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी ने सेवा पखवाड़ा सहित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण, सफाई अभियान, फल वितरण, रक्तदान और आमजन की सेवा जैसे कार्यक्रमों में विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने सभी बूथ स्तर तक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा नेता हरिश्चंद्र भट्ट, गोवर्धन वैष्णव, महुआ मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा, मांडलगढ़ मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिलाल जाट,




सांवरमल रेबारी, जगदीश बैरवा, मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल मीणा, मुकेश बैरवा, कैलाश तेली, महामंत्री श्यामलाल शर्मा, मुकेश मीणा, कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष सत्यनारायण सुथार, घीसू पुरी, हेमंत जोशी, राधेश्याम सेन, मोहन सिंह, सोहन गुर्जर, मुकेश गुर्जर, सरपंच राकेश आर्य, रमेश खटीक, बनवारी धाकड़, मुकेश पाराशर, उमराव सिंह, दुर्गाशंकर आचार्य, मदन वैष्णव, भंवर जाट, कैलाश तेली, दिलीप वैष्णव, श्यामलाल माली, प्रहलाद वर्मा, बसंतीलाल सेन सहित कई बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# भगवानपुरा में अवैध कब्जों और किसानों के मुआवजे को लेकर पूर्व मंत्री ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

ग्राम पंचायत भगवानपुरा में पंचायत भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने के न्यायालय आदेश के बावजूद प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट सोमवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोनों मामलों में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। जाट ने आरोप लगाया कि पंचायत भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को हटाने के आदेश होने के बावजूद



प्रशासन उदासीन है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अतिक्रमण हटाने के लिए तुरंत पुलिस व प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध नहीं कराया गया, तो ग्रामीण धरना देने को बाध्य होंगे। अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को लेकर उन्होंने कहा कि किसानों को खराबे का उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। बीमा कंपनियां किसानों से व्यक्तिगत प्रीमियम लेती हैं, लेकिन मुआवजा पूरे क्षेत्र के आधार पर तय करती हैं। जब तक हर खेत को अलग इकाई मानकर खराबा नहीं आंका जाएगा, तब तक किसानों को पूरा लाभ नहीं मिलेगा। पूर्व मंत्री ने केंद्र सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस शासन आने पर खेत को इकाई मानकर मुआवजे की प्रक्रिया बदली जाएगी। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे गिरदावरी कर खराबे का सही ब्यौरा दर्ज करवाएं, ताकि उन्हें लाभ मिल सके।

# बोरखेड़ा के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** गेगा का खेड़ा ग्राम पंचायत के बोरखेड़ा गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने नाली और सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति तथा अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की। ग्रामीण विक्रम सिंह ने बताया कि पिछले दस वर्षों से गांव में पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने से कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी हुई है। खेतों तक जाने वाले रास्तों में भी पानी भरा रहता है। उन्होंने कहा कि चंबल का पानी केवल कुछ घरों तक सीमित है, बाकी परिवार इससे वंचित हैं। ज्ञापन में बताया गया कि गांव में रोड लाइट नहीं होने से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, वहीं सामुदायिक भवन न होने से सामाजिक कार्यक्रमों में दिक्कत आती है। इस दौरान विरु सिंह, महावीर वैष्णव, प्रभु सिंह, देवेंद्र सिंह, हनुमान सिंह, गोपाल सालवी, घीसु कंवर, ओम कंवर, भंवर कंवर, कैलाश कंवर, पिंकी कंवर, सुडी गुर्जर, धन्नी गुर्जर, मांगी गुर्जर, गुमानी गुर्जर, कमली गुर्जर, घिसी गुर्जर, पुरन कंवर, खेम कंवर, राज कंवर, प्रेम कंवर, गणेश कंवर, मिठू कंवर, लाली बाई, टीमा, सोनू कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बारहठ कॉलेज में पुलिसकर्मियों ने दी छात्राओं को आत्मरक्षा की सीख



**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**परमेश्वर।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बारहठ महाविद्यालय में सोमवार को आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने की, जबकि पुलिस विभाग की महिला कांस्टेबल गायत्री चौधरी, धोली और संध्या ने अतिथि के रूप में शिरकत की।

डॉ. मीणा ने बताया कि शिविर का मकसद छात्राओं को आत्मरक्षा, दक्षता और क्षमता विकास का प्रशिक्षण देना है, ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं के साथ-साथ दूसरों की भी मदद कर सकें। महिला कांस्टेबल टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न तकनीकें सिखाईं और पुलिस हेल्पलाइन व गरिमा हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी।

कांस्टेबल गायत्री ने अलग-अलग परिस्थितियों जैसे हाथ पकड़ने, पीछे से पकड़कर लॉक करने या गिराकर दबोचने पर आत्मरक्षा के उपाय समझाए। संध्या और धोली ने कानूनी अधिकारों, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न से बचाव और महिला सुरक्षा संबंधी मोबाइल एप्स की जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक प्रियंका ढाका ने चार सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन डॉ. रंजीत जगरिया ने किया। इस अवसर पर मूलचंद खटीक, अनिल कुमार श्रोत्रिय, डॉ. ऋचा अंगिरा, धर्मनारायण वैष्णव, दिग्विजय सिंह, दलवीर सिंह, अतुल कुमार जोशी, नेहा जैन सहित प्रशिक्षार्थी छात्राएं उपस्थित रही ।

# खुदरा उर्वरक विक्रेताओं का प्रशिक्षण संपन्न, डॉ. धाकड़ ने दी ईमानदारी से कार्य करने की नसीहत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कृषि विज्ञान केन्द्र सुवाणा में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लिए 1 से 15 सितंबर तक आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. शिवदयाल धाकड़ ने विक्रेताओं से कृषि व्यवसाय में निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने, आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक उपयोग करने और जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार विनोद जैन ने किसानों से सीधा संवाद कर उन्हें आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. सी.एम. यादव ने बताया कि उर्वरक विक्रेता किसानों के लिए बदलाव के वाहक बन सकते हैं। तकनीकी सहायक अनीता यादव ने मृदा स्वास्थ्य, संतुलित उर्वरक उपयोग और टिकाऊ खेती पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में 40 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।





## QUICK BITES

### जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता : सवाईपुर ने कुण्डिया कलां और हुकमपुरा को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**सांवर वैष्णव।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्र हॉकी टीम ने शिवपुर, करेड़ा में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया ।


प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर और शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार पोरवाल ने बताया कि 17 वर्ष वर्ग में सवाईपुर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुण्डिया कलां को 5-0 से पराजित किया। वहीं 19 वर्ष वर्ग में सवाईपुर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हुकमपुरा को 2-1 से मात दी।

दोनों वर्गों में जीत दर्ज कर सवाईपुर की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। अब उनका अगला मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा।

### मेजा बांध में फंसे 50 से अधिक पशुधन का सफल रेस्क्यू, प्रशासन की तत्परता की सराहना

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।





मेजा बांध में फंसे 50 से अधिक पशुधन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। क्षेत्र की जीवन रेखा माने जाने वाले इस बांध की कुल भराव क्षमता 31 फीट है, जिसमें 28 फीट पानी भरा हुआ था। इसी दौरान बांध के बीच बने टापुओं पर बड़ी संख्या में गायें फंसी होने की सूचना पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

मांडल तहसीलदार उत्तम कुमार जांगिड़, समाजसेवी विकास प्रजापति, गो भक्त गोपाल गुर्जर और सिविल डिफेंस बचाव दल मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ टीम की मदद से लगभग 20 से 25 दिनों से फंसी गायों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

तहसीलदार जांगिड़ ने बताया कि सभी पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण पशु चिकित्सक दल द्वारा कराया गया और उन्हें गोशालाओं में भेजने की व्यवस्था की गई । ग्रामीणों और प्रशासन के संयुक्त प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विवेक-सुषमा धाकड़ स्मृति ट्रस्ट की बैठक में सेवा कार्यों पर हुआ मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक सोमवार को ऊपरमाल स्थित आदर्श धाकड़ कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष एवं श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई प्रदेशाध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ ने की। इस दौरान समाज में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने और सेवा व जनकल्याण के कार्यों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में ट्रस्ट द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले सामाजिक और परोपकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने सुझाव दिया कि समाज में अनावश्यक खर्च से बचते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में अधिक योगदान दिया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में समाज पंचायत अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल धाकड़, सचिव शंकरलाल धाकड़, पंचायत अध्यक्ष नारायणलाल धाकड़, थड़ोदा सरपंच राजेश कुमार धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़, सचिव राधेश्याम धाकड़, सह सचिव एड. रामफूल धाकड़, श्री धाकड़ महासभा जिला अध्यक्ष रामपाल धाकड़, युवा जिला अध्यक्ष मोनू धाकड़, महिला इकाई जिला अध्यक्ष संजू देवी धाकड़, ट्रस्ट सदस्य व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेशचंद्र धाकड़, पंचायत समिति सदस्य रामेश्वरलाल धाकड़, कन्हैयालाल धाकड़, तह अध्यक्ष प्रेमचंद्र धाकड़, पूर्व सरपंच भंवरलाल धाकड़, संगठन मंत्री एड. अनिलकुमार धाकड़, दुर्गालाल धाकड़, विनोद धाकड़, पप्पूलाल धाकड़, कपिल धाकड़, दिनेश धाकड़, डॉ. गणेश नागर, कन्या धाकड़, योगेश सोनी, युवा ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सालवी, निर्मला धाकड़, कांति देवी, नरेश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# काछोला में घांस भैरव की सवारी, खुशहाली की कामना के साथ उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

कस्बे में सोमवार को पारंपरिक घांस भैरव की सवारी धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई। लोक आस्था से जुड़े इस आयोजन में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, फसल और खुशहाली की कामना की गई।

सवारी कस्बे के मुख्य बाजार से शुरू होकर गोल चबूतरा, बस स्टैंड और अन्य मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, वहीं ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्तों ने नृत्य कर जयकारे लगाए। जानकारी के अनुसार गांव में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। कार्यक्रम में सरपंच रामपाल बलाई, प्रदीप सिंह सोलंकी, कान्हा व कैलाश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में माल का खेड़ा अव्वल, 6 गोल्ड सहित 15 मेडल जीते

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

जिले के आसींद में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माल का खेड़ा ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड, 2 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार साहू ने बताया कि 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन खेल कौशल दिखाते हुए गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीते। विजेताओं में अंशुल कुमार, अनीता गुर्जर, अक्षित शर्मा, बनवारी बलाई, आरुषि दरोगा और कृष्णा गुर्जर को गोल्ड मिला। युवराज सिंह नरूका और शिवानी कंवर ने सिल्वर, जबकि भानु प्रताप सिंह, सूर्यभान सिंह, श्रवण बंजारा, आकाश बंजारा, गुलाब बंजारा, शिवानी मीणा और कोमल कराड़ ने ब्रॉन्ज मेडल जीते।



# शिक्षक संघ ने टीईटी अनिवार्यता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर को दिए गए निर्णय के विरोध में जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। संगठन का कहना है कि इस आदेश के अनुसार अब सभी सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है, जिससे हजारों शिक्षकों की सेवा और आजीविका खतरे में पड़ गई है। जिला मंत्री सुरेश चंद बड़वा ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के अनुसार 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी, जबकि बाद में नियुक्त शिक्षकों के लिए निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य था। सुप्रीम कोर्ट ने इस तथ्य को अनदेखा कर सभी शिक्षकों पर टीईटी लागू कर दिया, जिससे वैध रूप से नियुक्त शिक्षक असमंजस में हैं।



संगठन ने मांग की कि केंद्र और राज्य सरकारें इस निर्णय पर रिव्यू याचिका दायर कर 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को राहत दें। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र सुथार, सुशीला जाट, मंजू कुमावत, दिलीप सिंह, अनूप सिंह, रामस्वरूप सुथार, विनोद झंवर, बालमुकुंद वैष्णव, नंदलाल पारीक, ईश्वर सिंह, बनवारी लाल काबरा, ओमप्रकाश सुथार, प्रदीप मेहता, लाली तेली, श्यामसुंदर डोलिया, विनोद पारीक, भंवरसिंह चौहान सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बघेरवाल युवाओं ने संकट में किया मानवता का काम, जयपुर में रक्तदान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

जयपुर में उपचार के दौरान बघेरवाल समाज के एक साधार्मिजन को दुर्लभ रक्त समूह की जरूरत पड़ी, जिस पर बघेरवाल युवा परिषद के सात सदस्यों ने जरूरतमंद की मदद करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर परिषद के सदस्य नीरज धनोप्या, विकास धनोप्या, हेमंत ठोला, पंकज ठग, दिनेश चौधरी, प्रदीप सेठिया



आरोली और मनीष ठग मौजूद रहे। उन्होंने अपने कदम से दिखाया कि संकट में समय पर मदद करना कितनी बड़ी सेवा है। दिगंबर जैन बघेरवाल युवा परिषद, मेवाड़ प्रांत ने इस कदम की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सहयोग और एकजुटता की भावना को मजबूत करते हैं। परिषद ने उम्मीद जताई कि समाज के अन्य युवा भी इसी तरह जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएंगे।



# रावणा राजपूत समाज ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



रावणा राजपूत समाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जयपुर में मिला और समाज की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।
समाज ने मांग की कि राजस्व अभिलेखों से दरोगा, हजूरी, वजीर जैसे मुगलकालीन पदनाम हटाकर केवल ÷रावणा राजपूत÷ दर्ज किया जाए। साथ ही एमबीसी की तर्ज पर अत्यंत पिछड़ी जातियों को अलग से आरक्षण देने, बोर्ड/निगम में समाज के योग्य व्यक्ति को चेयरमैन बनाकर राज्य मंत्री का दर्जा देने और मेजर दलपत सिंह शेखावत का पैनोरमा बनवाने का आग्रह किया।
महिला प्रदेश महामंत्री निशा कंवर गौड़ ने ओबीसी प्रमाणपत्र संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस मौके पर समाज के प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भगवत सिंह राठौड़ और अन्य सदस्य मौजूद रहे।


# श्याम कृपा महोत्सव का हुआ शुभारंभ , श्याम मंदिर से निकली निशान यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



धर्म नगरी भीलवाड़ा में सोमवार से पहली बार श्याम कृपा महोत्सव का भव्य आगाज हुआ। श्री श्याम प्रेमी परिवार संस्था के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत काशीपुरी श्याम मंदिर से निकली निशान यात्रा से हुई। बाबा श्याम के प्रतीक निशान की पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को निशान वितरित किए गए।
यात्रा रेलवे स्टेशन रोड, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए अपावल उत्सव भवन तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। दिल्ली से आई मनोज रिया पार्टी ने भव्य झांकियों का मंचन किया, जिनमें भगवान नरसिंह अवतार, शिव-पार्वती, अश्विनी सेना, बाला हनुमान, राधा-कृष्ण, गजानन जी, महाकाली और गोरिल्ला जैसी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु जयकारों के साथ निशान थामे यात्रा में आगे बढ़ते गए। बाबा श्याम का रथ पूरे उत्साह के साथ रस्सियों से खींचकर आगे बढ़ाया गया।
महोत्सव के तहत 16 सितंबर को शाम सात बजे बाबा श्याम की महंदी और ताली-कीर्तन का आयोजन होगा। वहीं, 17 सितंबर को भजन संध्या में जयपुर से स्वर कोकिला रजनी राजस्थानी, कोलकाता से रवि बेरीवाल और दौसा से अजय शर्मा मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# नवनियुक्त चिकित्सकों को मिला स्वास्थ्य योजनाओं का प्रशिक्षण





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले में हाल ही में नियुक्त चिकित्सकों को स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं से अवगत कराने के लिए आरसीएचओ कार्यालय में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में 39 चिकित्सकों ने भाग लिया और विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी हासिल की सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उप सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने डेंगू, मलेरिया और स्क्रब टायफस जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम और आरआरटी टीम गठन पर मार्गदर्शन दिया। अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने परिवार नियोजन और एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. अशोक खटवानी ने निःशुल्क दवा और जांच योजना की जानकारी दी। डॉ. प्रदीप कटारिया ने टीबी मुक्त भारत अभियान और निक्षय पोषण योजना पर चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया। कार्यशाला में सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी और जिले के नवनियुक्त चिकित्सक मौजूद रहे।

# समूहगान प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या निकेतन बनी विजेता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया




भारत विकास परिषद की शाखा के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी कमलेश सनाढ्य और संस्था प्रधान दिलीप महावर उपस्थित थे।
प्रतियोगिता में नगर के पांच विद्यालयों की टीमों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार सरस्वती विद्या निकेतन ने प्रथम स्थान, आदर्श विद्या मंदिर ने द्वितीय और नवदीप सेकेंडरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त टीम अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नगर का प्रतिनिधित्व करेगी।
निर्णायक मंडल में सुमित सेठिया, अदिति स्वर्णकार और लक्ष्मीनारायण ब्रह्मभट्ट शामिल थे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के वेदप्रकाश तिवाड़ी, ओम मेड़तिया, मनोज गोधा, संजय टांक, पंकज जैन, अरुण गुरुजी, दिनेश वैष्णव, निलेश नलवाया और संजीव जैन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## 14 वर्षीय छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# विधायक लालाराम बोले खेल की भावना से ही खिलाड़ी बनता है विजेता

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मिंडोलिया में संस्कृत शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित संभाग स्तरीय 14 वर्षीय छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा ने कहा कि खेल का मैदान व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र है। खेल को खेल की भावना से खेलने वाला ही सच्चा खिलाड़ी होता है। बेरवा ने कहा कि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और प्राणिक स्वास्थ्य खेल के मैदान से विकसित होता है। आज भारत खेलों में विश्व स्तर पर परचम लहरा रहा है और आने वाला समय भी भारत का होगा। हमें प्रतिस्पर्धा नहीं, अनुस्पर्धा की भावना से खेलना चाहिए।
कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अधिकारी मुरारीलाल राव ने की। अतिथियों ने मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्वागत उद्बोधन सरपंच गोपाललाल बेरवा ने दिया, जबकि विभागीय अधिकारी मुकेश शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।
मुख्य निर्णायक गोविंद कलवार ने प्रतिभागियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जीवराज गुर्जर, जगदीश बेरवा, भेरूलाल गाडरी, बालूराम जाट, कैलाश बागड़ा, रामप्रसाद जाट, प्रेमशंकर शर्मा, जगदीश चंद्र खटीक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# सुभाष नगर में शिक्षकों के लिए एफएलएन आधारित कार्यशाला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर में सोमवार को शिक्षकों की क्षमता संवर्धन एवं शैक्षिक समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से एफएलएन आधारित एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। केआरपी महेश मंडोवरा ने शिक्षण प्रक्रिया, सीसीई सामग्री, पोर्टफोलियो, बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान, समूह व शिक्षण योजना, एबीएल किट, आर्ट किट और प्रखर राजस्थान 2.0 कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य उर्मिला जोशी व विशिष्ट अतिथि ममता शर्मा ने इसे शिक्षकों के लिए उपयोगी बताते हुए शैक्षिक चुनौतियों के समाधान पर जोर दिया। गतिविधि आधारित शिक्षण पर मधु जैन ने प्रस्तुति दी। कार्यशाला में सुभाष नगर, प्रताप नगर, बापूनगर व सांगानेर के शिक्षक शामिल हुए।

# सिंधी चिकित्सकों का 'सिंधु रत्न अलंकरण' 21 सितंबर को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पेसवानी।** सिंधी समाज की पूज्य दादा हेमराजमल साहब सेवा समिति 21 सितंबर को सिंधु रत्न अलंकरण समारोह÷ का आयोजन करेगी। कार्यक्रम रविवार शाम 6 बजे नाथद्वारा सराय स्थित दादा हेमराजमल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर में होगा। समिति के अनुसार, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को इस अवसर पर सिंधु रत्न अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में स्वास्थ्यकर्मी, जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। समिति के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि संस्था अध्यक्ष गुलशनकुमार विधानी के नेतृत्व में चीजन फतनानी, अशोक केवलानी, सुरेश खोतानी, हरीश सखरानी, गोवर्धन जेठानी, महेश खोतानी, नानकराम जेठानी, रामचंद्र खोतानी और हेमंत भगत सहित टीम तैयारियों में जुटी है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक संवाद भी होंगे, जिनका उद्देश्य समाज में सेवा भाव और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# स्लोगन प्रतियोगिता में दिगंबर जैन महिला समिति भीलवाड़ा ने मारी बाजी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



मध्यप्रदेश के अशोक नगर में निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित दिगंबर जैन महिला महासमिति के राष्ट्रीय अधिवेशन में भीलवाड़ा संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। अधिवेशन में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में दिगंबर जैन महिला समिति, भीलवाड़ा ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया, जबकि बैनर प्रेजेंटेशन में सांत्वना पुरस्कार मिला।
भीलवाड़ा संभाग की अध्यक्षा सीमा गोधा ने बताया कि अधिवेशन में थाल सजाओ, बैनर प्रेजेंटेशन और स्लोगन प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रम हुए। भीलवाड़ा की टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लिया। संस्थापक अध्यक्षा मृदुला जैन ने बताया कि अधिवेशन में सीमा गोधा, बिंदु वेद, सुनीता जैन, सुधा जैन, शशि शाह, उर्मिला गोधा, रेखा गंगवाल, अनीता जैन, पुष्पा जैन, निर्मला, चंदा जैन, मोनिका जैन, अलका जैन और कुसुमलता जैन सहित कई सदस्याएं शामिल हुईं।

# 8 अक्टूबर को पूर्व मुख्यमंत्री माथुर व सुशीला देवी की मूर्तियों का होगा अनावरण, तैयारिया जोरो पर

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण



**दिनेश पारिक ।** मांडलगढ़ उपखंड के भार का खेड़ा गांव में 8 अक्टूबर को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शिवचरण माथुर और स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुशीला देवी माथुर की स्मृति में भव्य आयोजन होगा। इस मौके पर दोनों महान विभूतियों की मूर्तियों का अनावरण और श्री शिवचरण माथुर विकास एवं सेवा संस्थान के कार्यालय का लोकार्पण किया जाएगा।
कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सोमवार को माथुर परिवार ने कोटड़ी स्थित श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर कोटड़ी चारभुजा मंदिर ट्रस्ट, गुर्जर समाज आम चोखला चारभुजा कोटड़ी निर्माण समिति की ओर से वंदना माथुर और विभा माथुर का स्वागत किया गया । समारोह को सफल बनाने के लिए परिवार ने सवाईपुर, आकोला, होलीरड़ा, गेगा का खेड़ा, जीवा का खेड़ा, बडलियास और आमा सहित आसपास के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की। इस मौके पर अध्यक्ष रामलाल गुर्जर, कन्हैयालाल गुर्जर, ओम पालीवाल, प्रकाश जोशी, शंकर शर्मा, भैरूलाल गुर्जर, भोजा गुर्जर और किशनलाल मोतीलाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।